हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 जिला कारागार का निरीक्षण कर डीसी ने कैदियों से ...



12 30 लाख क्विंटल गन्ने की होगी क्रेशिंग ...



## खबर संक्षेप

### जवाहर लाल नेहरू चेयर के अध्यक्ष बने शर्मा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र शर्मा को पं. जवाहर लाल नेहरू चेयर का चेयरपर्सन नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ कृष्णकांत ने बताया कि प्रो राजेंद्र शर्मा को यह दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से सौंपा गया है।

### प्रो. प्रमोद कुमार मदवि रिसर्च जर्नल के सदस्य नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार को एमडीयू रिसर्च जर्नल (आर्ट्स) का सदस्य नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ कृष्णकांत ने बताया कि बतौर एमडीयू रिसर्च जर्नल सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की गई है।

### प्रो. प्रतिमा देवी नोडल ऑफिसर नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय में पीडब्ल्यूडी फैसिलिटी और यूजीसी द्वारा कराए जाने वाले एक्सेसिबिलिटी ऑडिट के लिए सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज़ की निदेशक प्रो. प्रतिमा देवी को तत्काल प्रभाव से नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि यह नियुक्ति उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त कार्य के रूप में की गई है।

### फैकल्टी चयन के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम के लिए लेक्चर आधार पर फैकल्टी चयन हेतु वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे विभागाध्यक्ष कार्यालय में किया जाएगा। शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. माधुरी हुड्डा ने बताया कि आईटीईपी पाठ्यक्रम के लिए जिन विषयों में फैकल्टी की जरूरत है, उनमें अंग्रेजी के दो, इतिहास के दो, अर्थशास्त्र का एक, राजनीति विज्ञान के दो, भूगोल का एक तथा शिक्षा विषय का एक पद शामिल है।

### चेयरमैन पद के लिए 15 दिसंबर को होगा ड्रा

**सांपला।** नगरपालिका सांपला में चेयरमैन पद को लेकर अब काउंटडाउन शुरू हो गया है। नगरपालिका का कार्यकाल 24 जनवरी को पूरा हो रहा है, जिसके चलते प्रशासन ने आगामी चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चेयरमैन पद का चयन सीधे चुनाव के माध्यम से होना है। इस प्रक्रिया के लिए 15 दिसंबर को ड्रा निकाला जाएगा।

# बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ मर्डर केस: 12 दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं, डीजीपी बोले-आरोपियों को भगोड़ा घोषित कर संपत्ति कुर्क करेंगे

### चंडीगढ़ में डीजीपी से मिले परिजन और ग्रामीण आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में पुलिस की सुस्त कार्रवाई से नाराज परिवारजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह से मुलाकात की। परिजनों ने डीजीपी को पूरी घटना और अब तक की जांच की स्थिति से अवगत कराया। डीजीपी ने तुरंत भिवानी के एसपी और आईजी को फोन पर फटकार लगाई और मामले में जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। डीजीपी परिजनों से बोले आरोपियों को भगोड़ा घोषित कर उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी।

#### पुलिस के लिए शर्मनाक

डीजीपी ओपी सिंह ने भिवानी एसपी से सख्त लहजे में पूछा कि जब घटना के सीसीटीवी फुटेज, गाड़ी की पहचान और अन्य तकनीकी सबूत मौजूद हैं, तब भी 12 दिन बाद तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर कैसे हैं। डीजीपी ने इसे पुलिस की बड़ी नाकामी बताया और कहा कि इतनी गंभीर वारदात में अब तक कार्रवाई न होना शर्म की बात है। उन्होंने आदेश दिए कि एक सप्ताह के भीतर मुख्य आरोपियों के साथ पूरे गैंग को गिरफ्तार किया जाए। गाड़ी के मालिक, आरोपियों के मोबाइल लोकेशन और नेटवर्क के आधार पर उन्हें जल्द ट्रेस करने को कहा गया।

28 नवंबर को भिवानी में हुई थी हत्या



#### अब तक आईजी के न मिलने पर नाराजगी

डीजीपी ने आईजी सिमरजीत सिंह से भी बात की और पूछा कि अब तक वे मृतक के परिवार से मिलने क्यों नहीं गए। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल परिवार से मिलकर उन्हें जांच की प्रगति से अवगत करवाया जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके घर पर एक पीसीआर तैनात करने के आदेश भी दिए।

#### घटना के बाद से परिवार सदमे में, पुलिस कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

रोहित धनखड़ 28 नवंबर को अपने दोस्त जतिन के साथ तिगड़ाना गांव से आई बारात में शामिल होने भिवानी गया था। उसी दौरान कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने रास्ता रोककर उस पर हमला कर दिया। रोहित को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान में उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी नंबर देने के बावजूद पुलिस समय पर कार्रवाई नहीं कर पाई। पहले भी परिजन भिवानी एसपी से मिले थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से रोष बढ़ता गया।

#### आरोपी की संपत्ति जब्त करें

डीजीपी ने कहा कि अगर आरोपी जानबूझकर बच रहे हैं और गिरफ्तारी नहीं हो पा रही, तो उन्हें जल्द ही प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किया जाए। साथ ही उनकी संपत्ति कुर्क कर सख्त कार्रवाई की मिसाल पेश की जाए, ताकि आगे कोई अपराधी कानून को हल्के में न ले।

#### कार्रवाई की उम्मीद जगी

मृतक रोहित के चाचा कप्तान सिंह ने बताया कि डीजीपी से मुलाकात काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने आश्वासन दिया है कि पुलिस किसी भी दबाव या प्रभाव में आए बिना दोषियों को जल्द गिरफ्तार करेगी। परिवार को उम्मीद है कि अब मामले में तेजी आएगी और न्याय मिलेगा।

#### पंचायत आगे की रणनीति तय करेगी

डीजीपी से मिले आश्वासन के बाद परिवार और पंचायत गांव लौटकर सामूहिक बैठक बुलाएंगे। पंचायत में आगे की रणनीति पर फैसला होगा-क्या अब भी आंदोलन जारी रहेगा या फिर डीजीपी द्वारा दिए गए एक सप्ताह के समय का इंतजार किया जाएगा।

## लगातार दूसरे दिन भी डॉक्टर्स ने प्रदर्शन किया, अब अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

# डॉक्टरों की हड़ताल का मिला-जुला असर सिविल अस्पताल में सेवाएं सामान्य रही

### कई जगहों पर मरीजों को डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण असुविधा उठानी पड़ी



*स्वास्थ्य विभाग के मोर्चा संभालने से मरीजों को ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन द्वारा घोषित दो दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन जिले में स्वास्थ्य सेवाओं पर मिला-जुला असर देखने को मिला। हालांकि कई जगहों पर मरीजों को डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण असुविधा उठानी पड़ी, लेकिन सिविल अस्पताल में परिस्थितियों को काफी हद तक नियंत्रित रखा गया। यहां आधे डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने के बावजूद ओपीडी सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही वैकल्पिक स्टाफ की व्यवस्था कर रखी थी, जिसके कारण मरीजों को किसी बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं, सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉ. विश्वदीप राठी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर दो दिवसीय हड़ताल में लगभग 70 प्रतिशत डॉक्टर शामिल हुए। डॉ. राठी का कहना है कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इसलिए बुधवार को भी इसी तरह हड़ताल जारी रहेगी





**रोहतक।** मरीज की जांच करते डॉक्टर । फोटो: हरिभूमि

#### मरीजों को राहत, अधिकारी दिनभर दौड़ते रहे

हड़ताल के बावजूद मरीजों को अस्पताल में इलाज के लिए ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ा, लेकिन यह भी सच है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण कुछ मामलों में मरीजों को वापस लौटना पड़ा। कई गंभीर मामलों को संभालने के लिए वैकल्पिक स्टाफ की क्षमता सीमित थी, जिससे प्रबंधन पर दबाव बना रहा। हालांकि, समग्र रूप से स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्यवाही और वैकल्पिक व्यवस्थाओं ने हालात को काबू में रखा। विभाग की कोशिश यही रही कि किसी भी मरीज का इलाज रुके नहीं और सेवाएं रोजमर्रा की तरह चलती रहें।

#### ओपीडी सेवाएं पूरी तरह सक्रिय

सुबह 9 बजे जैसे ही ओपीडी का समय शुरू हुआ, सिविल अस्पताल में मरीजों की आवाजाही बढ़ने लगी। कई मरीजों को यह जानकारी नहीं थी कि डॉक्टर हड़ताल पर हैं, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उन्हें राहत मिली कि ओपीडी में डॉक्टर मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी संस्थानों से अतिरिक्त स्टाफ बुलाया गया था, जिसने नियमित चिकित्सकों की जगह ड्यूटी संभाली। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र खुद सुबह अस्पताल पहुंचे और सभी विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, डिस्पेंसरी और मरीजों की कतारों की स्थिति का जायजा लिया। डॉ. चंद्र ने बताया कि स्टाफ की कमी को देखते हुए पहले ही विस्तृत योजना तैयार की गई थी, ताकि मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

#### 70 % डॉक्टर हड़ताल में शामिल

सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉ. विश्वदीप राठी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर दो दिवसीय हड़ताल में लगभग 70 प्रतिशत डॉक्टर शामिल हुए। उन्होंने बताया कि हड़ताल सरकार के उन आदेशों के विरोध में मजबूरी में की जा रही है, जिन्हें डॉक्टरों ने पहले ही "तुगलकी फरमान" कहा था। डॉ. राठी का कहना है कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया।

#### हड़ताल जारी रहेगी

हड़ताल का 99 प्रतिशत असर देखने को मिला। ऑपरेशन नहीं किए गए। सरकार ने पीजीआईएमएस और आईएमए से डॉक्टर्स को सरकारी अस्पतालों में तैनात किया। बुधवार को भी इसी तरह हड़ताल जारी रहेगी। **-डॉ विश्वजीत राठी जिला प्रधान** (एचसीएमएसए)

#### महम: हड़ताल निष्प्रभावी रही 404 मरीजों ने करवाई जांच



**महम।** प्रदेश में एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में सोमवार से शुरू हुई सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों की हड़ताल का मंगलवार को दूसरा दिन था। पहले दिन महम में डॉक्टर हड़ताल से दूर रहे। जबकि दूसरे दिन ज्यादातार डॉक्टर हड़ताल में शामिल हुए। मंगलवार को सुबह ही महम के नागरिक अस्पताल के चिकित्सक काम छोड़कर बाहर आ गए। यहां 11 नियमित डॉक्टर कार्यरत हैं, जिनमें से 9 डॉक्टर हड़ताल पर रहे। नियमित सरकारी डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने के बाद एनआरएचएम और स्कूल हैल्थ स्कीम के तहत कार्यरत आयुर्वेदिक डॉक्टरों ने मोर्चा संभाला। मंगलवार को 404 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा मांगें न माने जाने की वजह से डॉक्टरों की यह हड़ताल लंबी चल सकती है।

#### सांपला में दूसरे दिन भी डॉक्टरों की हड़ताल बेअसर

**सांपला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला में डॉक्टरों की हड़ताल का दूसरे दिन भी कोई खास प्रभाव देखने को नहीं मिला। अस्पताल में मरीजों को रोजाना की तरह उपचार मिलता रहा और स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सुचारू रहीं। सुबह निर्धारित समय पर ही डॉक्टर अस्पताल पहुंच गए और ओपीडी में मरीजों की जांच शुरू कर दी। दवा लेने पहुंचे मरीज जगबीर और मोहन ने बताया कि जांच, दवा और इलाज में उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन और अन्य सभी आवश्यक प्रक्रियाएं सामान्य दिनचर्या की तरह संचालित रहीं।

### कार चालक ने सेवानिवृत्त फौजी की बाइक में मारी टक्कर, मौत



**महम।** सोमवार देर शाम दिल्ली हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बहलबा गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार सेवानिवृत फौजी की मौत हो गई। शाम को करीब साढ़े 6 बजे बहलबा गांव निवासी 62 वर्षीय राज सिंह पुत्र गजे सिंह अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर खेत से घर लौट रहे थे। जब वह बहलबा मोड़ के पास पहुंचे तो वहां पर एक कार ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक अपनी कार को वहीं पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस राज सिंह को तुरंत रोहतक पीजीआई ले गई। पीजीआई में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार चालक ने लापरवाही व गफलत करके दुर्घटना को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। महम पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले ही मृतक के छोटे भाई की मौत हुई थी।



### 4 नाबालिगों का रेस्क्यू, होटल व दुकान पर कर रहे थे मजदूरी

**रोहतक।** जिला बाल कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह ने एनजीओ एमडीडी ऑफ इंडिया के सहायक विकास एवं मानव तस्करी रोधी टीम के सदस्यों रवि मलिक, विजय सैनी व विकास ने महम स्थित होटल व जूस की दुकान से चार नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू किया। इनमें दो बच्चे 15 वर्ष तथा दो बच्चे 16 वर्ष आयु के है, जो होटल व जूस की दुकान पर मजदूरी कर रहे थे। इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक व सदस्यों एडवोकेट विकास अत्री तथा उषा रानी ने इन बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर समझाया कि वे भविष्य में अपने बच्चों से बाल मजदूरी न करवाये। सतीश कौशिक ने कहा है कि सभी होटल, नर्सिंग होम, फैक्ट्री, ईंट भट्ठों व दूसरे कार्यों में बच्चों से मजदूरी या कोई ऐसा काम ना करवाये, जिससे उनके हितों का नुकसान हो।

**पहल** नगर निगम ने जारी की रैन बसेरों की सूची, बेसहारा लोगों को मिलेगा आश्रय

# सर्दी के मौसम में किसी को खुले में न सोना पड़े प्रशासन ने शहर में कई स्थानों पर बनाए 'रैन बसेरे'





हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही बेघर, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को रात में सुरक्षित ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता बन जाती है। इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में रैन बसेरे उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनमें पुरुषों, महिलाओं और परिवारों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इन रैन बसेरों में रात बिताने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है तथा जनसेवा की भावना से संचालित इन केंद्रों में शहर के जरूरतमंद लोगों को विशेष सुविधा प्रदान की जाती है। नगर निगम ने शहर के कुल पांच मुख्य स्थानों पर रैन बसेरों की व्यवस्था की है, जिनमें नया बस स्टैंड परिसर, पोली कैबिन क्षेत्र और सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक रैन बसेरे की जिम्मेदारी निगम द्वारा निर्धारित संचालकों को सौंपी गई है। इसके साथ ही व्यवस्था की निगरानी के लिए निरीक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, जो समय-समय पर सुविधाओं की जांच करते हैं और जरूरतमंदों की सहायता भी करते हैं।

#### नया बस स्टैंड, पुरुषों के लिए रैन बसेरा

इस रैन बसेरे का संचालन नगर निगम और हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा किया जा रहा है। व्यवस्थाओं का दायित्व संभालने वाले संचालक के रूप में अनूप को नियुक्त किया गया है। वहीं निरीक्षण कार्य संदीप राठी द्वारा देखा जाता है। यह रेन बसेरा वार्ड 8 में स्थित है और बस स्टैंड के नजदीक होने के कारण रात में ठहरने के लिए सबसे अधिक उपयोगी साबित होता है।

#### पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए

वार्ड 18 में स्थित इस रेन बसेरे का संचालन जनसेवा संस्थान द्वारा किया जाता है। संचालक के रूप में पवन को जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षण कार्य नरेंद्र संभालते हैं। यह स्थान शहर के मध्य में होने की वजह से बड़ी संख्या में जरूरतमंद यहां रात गुजारने आते हैं।

#### गांधी नगर कैंप पुरुषों के लिए रैन बसेरा

वार्ड 14 स्थित इस केंद्र का संचालन नगर निगम द्वारा किया जाता है। संचालक सोनू कुमार हैं और निरीक्षक के रूप में प्रदीप नियुक्त हैं। यह रैन बसेरा आसपास की मजदूरी करने वाले लोगों के लिए उपयोगी है।

#### नया बस स्टैंड, महिलाओं के लिए रैन बसेरा

महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड परिसर में अलग से महिलाओं के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। इसे भी नगर निगम और रेडक्रॉस द्वारा संचालित किया जा रहा है। संचालक अनूप हैं, जबकि निरीक्षक के रूप में संदीप राठी जिम्मेदारी निभाते हैं।

#### गांधी नगर कैंप महिलाओं के लिए रैन बसेरा

गांधी नगर स्थित इसी परिसर की पहली मंजिल पर महिलाओं के लिए अलग से रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। संचालक के रूप में सोनिया कार्यरत हैं और निरीक्षण की जिम्मेदारी प्रदीप निभाते हैं। नगर निगम का उद्देश्य ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो। इस प्रकार ये सभी रैन बसेरे जरूरतमंदों के लिए राहत और सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बने हुए हैं।

लाखनमाजरा के प्रियांशु से जुड़े मामले में कार्रवाई

# एनआईए की रोहतक में दस्तक कमल कॉलोनी के नरेश से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मॉडल टाऊन स्थित कमल कॉलोनी में एनआईए की टीम ने विशेष कार्रवाई की। टीम ने प्रियांशु कश्यप के बारे में जानकारी जुटाने के लिए मॉडल टाऊन स्थित कमल कॉलोनी में नरेश नरवाल से पूछताछ की। जांच के दौरान नरेश के बारे में पता चला कि उन्होंने प्रियांशु के साथ मोबाइल के जरिए तीन बार बातचीत की थी। एनआईए की टीम ने कहा कि यह कार्रवाई प्रियांशु कश्यप के माओवादी कनेक्शन और स्थानीय संपर्कों की जांच के तहत की जा रही है। प्रियांशु कुछ समय पहले लाखनमाजरा में किराये पर रहता था और एजेंसी उसके पुराने ठिकानों और संपर्कों की विस्तृत जांच कर रही है।

#### प्रियांशु कश्यप की गिरफ्तारी

छत्तीसगढ़ निवासी प्रियांशु कश्यप को जुलाई 2025 में रोहतक से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी हरियाणा पुलिस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर हुई थी। दिल्ली में रहकर पढ़ाई करने वाला प्रियांशु कथित रूप से माओवादी गतिविधियों में शामिल था और लंबे समय से एजेंसी की निगरानी में था। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक मोबाइल फोन, एक टैबलेट, दो मेमोरी कार्ड, एक सिम कार्ड और माओवादी गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए थे। एनआईए का मानना है कि ये दस्तावेज प्रियांशु की संभावित गतिविधियों और संपर्कों की जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

#### तीन बार हुआ नरेश नरवाल से संपर्क

जांच के दौरान यह सामने आया कि प्रियांशु ने मोबाइल पर तीन बार मॉडल टाऊन स्थित कमल कॉलोनी में नरेश नरवाल से संपर्क किया। नरेश वर्तमान में फिजियोथैरेपी सेंटर चलाते हैं। एनआईए की टीम ने नरेश से प्रियांशु के संपर्क, बातचीत के उद्देश्य और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि में शामिल होने की संभावना के बारे में विस्तृत पूछताछ की। टीम ने यह भी देखा कि प्रियांशु और नरेश के बीच हुई बातचीत का किसी संदिग्ध गतिविधि से कोई संबंध तो नहीं है।

#### लखनऊ से आई विशेष टीम

पूछताछ के लिए लखनऊ से विशेष टीम रोहतक भेजी गई। टीम में इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र और सब-इंस्पेक्टर लाल धारी सिंह शामिल हैं। टीम लगातार स्थानीय लोगों और परिचितों से संपर्क कर प्रियांशु के पुराने संबंधों और गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। एनआईए अधिकारियों ने कहा कि पूछताछ पूरी तरह से कानूनी ढांचे और नियमों के अनुसार की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी पूछताछ व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से हों।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत



**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

***नई दिल्ली।** 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप



### महिला ने 1 लाख लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**रोहतक।** सीआईए-1 स्टाफ के बाहर जमीन पर गिरे 1 लाख रुपये महिला ने ईमानदारी से लौटाए। यह घटना 9 दिसंबर को रोहतक में सामने आई, जिसमें महिला राजेश्वरी पत्नी मिश्री निवासी उत्तर प्रदेश ने अपने नैतिक कर्तव्य का परिचय देते हुए रकम सीआईए-1 स्टाफ को सौंप दी। सीआईए-1 स्टाफ प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि राजेश्वरी को सीआईए-1 स्टाफ के पास जमीन पर गिरे हुए 1 लाख रुपये मिले। महिला ने किसी भी स्वार्थ से प्रभावित हुए बिना रकम तुरंत सीआईए-1 स्टाफ की टीम के हवाले कर दी। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए असल मालिक की पहचान करने के प्रयास किए। जांच और संपर्क के बाद असल मालिक पवन, निवासी चिन्योट कॉलोनी को रकम लौटाई गई।



**महम।** सुनीता दांगी को भगवान श्री राम की तस्वीर भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने मनाया सुनीता दांगी का जन्मदिन

**महम।** हलका महम के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सतगुरु मंदिर सैमाण में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दांगी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान महंत सतीश दास ने उनको पगड़ी पहनाई व श्री राम की तस्वीर भेंट की। भाजपाइयों ने सुनीता दांगी को 55वें जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सरपंच उर्मिला देवी, भाजपा रोहतक जिला प्रभारी ओबीसी मोर्चा रेखा रोहिल्ला, भाजपा के सैमाण मंडल अध्यक्ष मनोज फरमाणा, बलवीर शर्मा व प्रवीन खत्री आदि मौजूद रहे।

# बीएमयू में विकसित भारत 2047 विषय पर पोस्टर मेकिंग में छाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विवि में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विधि संकाय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत 'विकसित भारत 2047 विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बीएम यादव और रजिस्ट्रार (डॉ.) विनोद कुमार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारत के आने वाले विकास मॉडल, सामाजिक बदलाव, तकनीकी प्रगति और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई सोच को प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने पोस्टरों के माध्यम से देश के भविष्य की कल्पना को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कई पोस्टरों में स्मार्ट गवर्नेंस, हरित ऊर्जा, ग्रामीण विकास, वैश्विक नेतृत्व और शिक्षा के उभरते नए आयामों को दर्शाया गया।

निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषय की समझ और प्रस्तुति के आधार पर किया। परिणाम घोषित करते हुए पहली स्थान करीना, दूसरा स्थान प्रदीप और तीसरा स्थान हर्ष सैनी, आशिका और पायल को प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को संकाय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लिबरल एजुकेशन के प्रोफेसर (डॉ.) जे के शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की सोच और उनकी प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी की कल्पनाशीलता और समझ ही आने वाले भारत के विकास का आधार बनेगी। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने और देशहित से जुड़े विषयों पर शोध व अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

### डीन डॉ. मनीष दलाल ने सभी प्रतिभागियों बधाई दी

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रितु और सह-संयोजक डॉ. परमीला ने आयोजन को सुचारू रूप से सुनिश्चित किया। विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजन टीम को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों के पोस्टर न केवल विषय की गहरी समझ को दर्शाते हैं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और संविधान के आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र जिस उत्साह से देश के भविष्य की परिकल्पना कर रहे हैं, वही भावना आगे चलकर 'विकसित भारत 2047 की नींव बनेगी।इस अवसर पर डॉ. राजरानी, डॉ. नेहा, डॉ. विनती, डॉ. सोनिया, डॉ. हरविंदर बराक और मि. आकाश दीप भी मौजूद रहे। सभी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम का समापन विजेताओं के सम्मान और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के साथ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

### खास बातें

- छात्रों ने पोस्टरों में स्मार्ट गवर्नेंस, हरित ऊर्जा, ग्रामीण विकास, वैश्विक नेतृत्व को दर्शाया
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### उपायुक्त ने कैदियों के समुचित विकास के दिए निर्देश

# जिला कारागार का निरीक्षण कर डीसी ने कैदियों से की बातचीत

**बैरक में साफ-सफाई, खाने की व्यवस्था, एफएम रेडियो, एलईडी स्क्रीन और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त सचिन गुप्ता,जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन व चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डॉ. तरन्नुम खान तथा पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*



**रोहतक।** जिला कारागार का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कैदियों के समुचित विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीसी मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन व चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डॉ. तरन्नुम खान तथा पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर रहे थे। बैठक में उन्होंने सुधार 360 कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की, जिसका उद्देश्य जिला कारागार को एक मॉडल सुधार एवं पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित करना है। उपायुक्त ने मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, कौशल विकास, पारदर्शिता, कानूनी सहायता एवं कैदियों के जीवन-स्तर में सुधार के लिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती नीरजा कुलवंत कलसन, उपायुक्त सचिन गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। सभी अधिकारी निरीक्षण के दौरान अलग-अलग बैरक में पहुंचे। जेल में बंद कैदियों से बातचीत की। कैदियों को अपनी-अपनी समस्याएं रखने का अवसर दिया गया। कैदियों की समस्याओं के बारे में मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। बैरक में साफ-सफाई, खाने की व्यवस्था, एफएम रेडियो, एलईडी स्क्रीन, परिजनों से टेलीफोन पर बातचीत की सुविधा व स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई। सभी अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरकों के अलावा लघु कौशल विकास केंद्र, कैदियों के लिए खेल सुविधा व महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सत्यवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### कारागार सुधार केंद्र की तरह काम करती है: डीसी

डीसी ने कहा कि कारागार एक सुधार केंद्र की तरह काम करती है। इसलिए कैदियों को न केवल मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा, बल्कि उन्हें विभिन्न व्यावसायिक कार्यों में भी प्रशिक्षित करना होगा ताकि जेल से बाहर आने के बाद वह आसानी से मुख्य धारा में प्रवेश कर सकें। उन्होंने कहा कि जेल में लगभग 1200 कैदी है और प्रत्येक को किसी न किसी खेल गतिविधि में शामिल किया जाए। डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग शेड्यूल, सीसीटीवी कैमरा व कैदियों के भोजन आदि के बारे में भी रिपोर्ट प्राप्त की। इस दौरान जेल अधीक्षक सत्यवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। डीसी ने सुधार 360 प्रमुख बिंदुसमुचित विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य कैदियों के लिए नियमित मनोचिकित्सक की काउंसलिंग के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति जागरूकता एवं काउंसलिंग को सुदृढ़ किया जाएगा।



**महम।** खंड कार्यालय महम में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम सचिवों व सरपंचों को संबोधित करते एडीसी नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

# मनरेगा मजदूरों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द करें पूर्ण : एडीसी

- अतिरिक्त उपायुक्त ने नरेंद्र कुमार ने महम व लाखन माजरा में विकास कार्यों की समीक्षा की
- बैठकों में एडीसी ने ग्राम सचिवों को जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में महम व लाखनमाजरा खंड कार्यालयों में अलग-अलग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दोनों खंडों के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, ग्राम सचिव, चैयरमैन पंचायत समिति व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला विकास योजना, एनआरएलएम और सोलर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नरेंद्र कुमार ने मनरेगा स्कीम के तहत सभी मजदूरों की जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूर्ण करने बारे सभी ग्राम सचिवों को सख्त निर्देश दिये। सभी तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य करवाने और कार्यों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कार्य में गुणवत्ता संबंधित खामी पाई गई तो उसके लिये संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।



### प्रदेश अध्यक्ष ने रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारियों की समीक्षा की

**रोहतक।** कांग्रेस भवन में रिटायर्ड इंप्लाइज कांग्रेस की बैठक में 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में होने वाली वोटचोर, गद्दी छोड़ रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष महावीर मलिक, जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी, रोहतक-झज्जर के पदाधिकारियों ने बताया कि दोनों जिलों से लगभग 900 कर्मचारी रैली में पहुंचेंगे। नेताओं ने कहा कि यह रैली सांप्रदायिक ताकतों, संवैधानिक हमलों, वोट चोरी और ओपीएस बहाली के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ बड़ा जनसंदेश देगी। कर्मचारियों में मुकदमों और ओपीएस को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में राज्य कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्र आयुष ने जीते दो पदक

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के कक्षा छठी के प्रतिभाशाली छात्र आयुष ने हरियाणा टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा फतेहाबाद में आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 7 दिसंबर को अपेक्स पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में हुई इस प्रतियोगिता में आयुष ने अंडर-13 बॉयज कैटेगरी में गोल्ड मेडल तथा अंडर-15 बॉयज कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के कुशल खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन आयुष ने अपनी दमदार खेल रणनीति और आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष की उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे सफल छात्र विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं और अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय हमेशा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उप-प्रधानाचार्या मशेंका, रितु एवं कृष्णा गिल उपस्थित रहे और आयुष को उसकी कामयाबी पर शुभकामनाएं दीं।

# डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी में भक्तमाल कथा का शुभारंभ



रोहतक। भक्तमाल कथा में प्रवचन देते कथा वाचन बाबा चित्र विचित्र बिहारी दास।



**रोहतक।** भक्तमाल कथा में प्रवचन सुनते महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज व भक्तजन। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौकर्ण तीर्थ स्थित डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज परिसर में मंगलवार को भक्ति और आध्यात्मिक उत्सव के बीच तीन दिवसीय भक्तमाल कथा का शुभारंभ हुआ। परम पूज्य उप आचार्य पंचदशनाम जूना अखाड़ा गौकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कथा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कथा 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। पहले दिन बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन हुआ। कथा वाचन रसिक संत बाबा चित्र विचित्र बिहारी दास द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने भक्तों की महिमा और भक्ति मार्ग की महत्ता का रसपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने संत त्रिपुर दास जी महाराज के जीवन से प्रेरक प्रसंग सुनाए, जिन पर श्रोताओं ने जय श्री हरि और राधे राधे के उद्घोषों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा स्थल को पुष्पों और विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया है। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जल सेवा और भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन में शहर व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। आचार्य मंडल ने बताया कि आगामी दिनों में संत महापुरुषों के दिव्य चरित्रों का विस्तृत वाचन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, समाजसेवी राजेश जैन, सीता राम सचदेवा, हनी ग्रोवर, सुरिंदर शर्मा लुधियाना, सुंदर दुआ दिल्ली ,अशोक चौधरी ,मीतू जुनेझा, गौरव डावड़ा व विद्या सागर मौजूद रहे ।

### प्रशिक्षण स्थलों पर पूरे दिन रचनात्मक वातावरण दिखाई दिया

# कला कार्यशाला अंतिम चरण में, झज्जर जिले के अध्यापक उत्साह के साथ ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंडल स्तरीय कला कार्यशाला का छठा और अंतिम बैच 9 दिसंबर को अपने दूसरे दिन में प्रवेश कर गया। यह बैच विशेष रूप से झज्जर जिले के कला अध्यापकों के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में कला शिक्षक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। 20 नवंबर से शुरू हुई यह कार्यशाला श्रृंखला अब अपने अंतिम चरण में है और समापन से पहले अध्यापकों का उत्साह चरम पर दिखाई दे रहा है।

### कला तकनीकों पर केंद्रित रहा दूसरा दिन

कार्यशाला के दूसरे दिन कला अध्यापक विविध कला विधाओं के गहन प्रशिक्षण से गुजरते दिखाई दिए। प्रशिक्षण के दौरान कैनवस पेंटिंग की एडवांस तकनीक, लैंडस्केप पेंटिंग में रंगों का प्रभावी मिश्रण और वारली आर्ट के नए डिज़ाइनों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। मास्टर ट्रेनर्स ने इन विषयों पर अध्यापकों को आधुनिक और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी, ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों को कला की बारीकियों को और प्रभावी रूप से सिखा सकें। अध्यापकों ने स्वयं अभ्यास करते हुए नए पैटर्न और रंग संयोजन का अनुभव किया। प्रशिक्षण स्थलों पर पूरे दिन रचनात्मक वातावरण बना रहा। कई कला अध्यापकों ने बताया कि इस कार्यशाला से उन्हें अपनी कला को निखारने के साथ-साथ छात्रों में कला की समझ विकसित करने के लिए नए साधन और तरीके मिले हैं। पूरी कार्यशाला श्रृंखला में सैकड़ों कला अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों ने इस पहल को कला शिक्षा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम माना है।





### श्रृंखला का समापन आज

कार्यशाला की समन्वयक डॉ. सुनीता अहलावत ने बताया कि मंडल स्तरीय कार्यशाला 20 नवंबर से शुरू होकर विभिन्न जिलों रोहतक, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और चरखी दादरी में सफलतापूर्वक आयोजित की गई है। झज्जर जिला इस श्रृंखला का अंतिम बैच है, जो तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को कार्यशाला श्रृंखला का औपचारिक समापन एक भव्य प्रदर्शनी के साथ किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में सभी प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा कार्यशाला के दौरान तैयार की गई उत्कृष्ट कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शन कला शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों द्वारा किए गए प्रयासों और उनकी रचनात्मकता की झलक देगा।



# सिनेमाई संस्कृति और वैश्विक फिल्म अनुभव का मिलेगा अनूठा अवसर

- सुपवा के 35 विद्यार्थी प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ केरल 2025 के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (सुपवा)के फ़िल्म एवं टेलीविजन संकाय के 35 द्वितीय-वर्षीय विद्यार्थी मंगलवा को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ केरल के लिए रवाना हुए। यह एशिया के सबसे लोकप्रिय, जन-केंद्रित और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक है। 12 से 19 दिसंबर तक तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाले इस आठ-दिवसीय समारोह में विश्व सिनेमा, दिग्गज फिल्मकार, तकनीशियन और दुनिया भर से आए 10,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

यह शैक्षणिक भ्रमण फिल्म एवं टीवी पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण वार्षिक हिस्सा है। निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग, अभिनय और साउंड सभी विशेषज्ञताओं के विद्यार्थी इस अवसर के माध्यम से उत्कृष्ट वैश्विक सिनेमा, चर्चाओं और रचनात्मक संवादों से रूबरू होंगे। वापसी पर विद्यार्थी फिल्म डायरी प्रस्तुत करेंगे, जिसमें वे स्क्रीनिंग और इंटरैक्शन से प्राप्त कलात्मक समझ और सीख दर्ज करेंगे।

मार्केट न्यूज

# श्री मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में बीएएमएस छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**रोहतक।** श्री मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज ऑडिटोरियम में बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रोहतक के एमडी डॉ. संजीव मदान, डॉ. प्रिंस गिरोत्रा और डॉ. डेनिश ने विशेष रूप से सहभागिता की। डॉ. संजीव मदान ने छात्रों को आयुर्वेद की वैज्ञानिक पद्धति, उसके तीन स्तंभ—वात, पित्त, कफ—और वैश्विक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. प्रिंस ने आयुर्वेद में चिकित्सा के साथ-साथ दवा, कॉस्मेटिक्स और वेलनेस टूरिज्म जैसे करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला। डॉ. डेनिश ने छात्रों को समर्पण और मेहनत से अध्ययन कर आयुर्वेद और देश का नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमृत ने किया। अंत में फैकल्टी सदस्यों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा छात्रों ने अथर्व टीम का आभार व्यक्त किया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### साइबर थाना ने क्रेडिट कार्ड ठगी के आरोपी को पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने क्रेडिट कार्ड से हुई 1 लाख 60 हजार रुपये से अधिक की ठगी में शामिल आरोपी मोहम्मद अशरफ को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। मामले की गहनता से जांच जारी है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि लक्ष्मीनगर निवासी सोनू की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल को सोनू के पास रिवार्ड प्वॉइंट रिडीम करने के लिए कॉल आई। कॉल के दौरान सोनू को एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने के बाद सोनू से उसके क्रेडिट कार्ड की डिटेल मांगी गई।

### पुलिस ने बाइक चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा

**रोहतक।** आर्य नगर क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना आर्य नगर प्रभारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी निवासी अंकित की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 6 नवंबर को अंकित अपने मित्र के साथ कोर्ट रोहतक गया था। कोर्ट से लौटने पर उसने देखा कि उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। अज्ञात युवक द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल मौके से फरार हो गया। मामले की जांच पीएसआई विकास द्वारा अमल में लाई गई।

### रोड स्वीपिंग के कार्य को मिली मंजूरी

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से रोड़ स्वीपिंग के कार्य की निविदा की गई थी। जिसकी मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना से शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। रोड़ स्वीपिंग के कार्य की समयावधि 5 वर्षों की होगी। इससे निगम को सफाई काफी सफाई कर्मचारी मिलेंगें जिससे सफाई व्यवस्था दुरूस्त होगी। इस कार्य की स्वीकृति से शहर की सफाई व्यवस्था में बहुत सुधार होगा जोकि स्वच्छ सर्वेक्षण में अहम योगदान निभाएगा।

### किसान हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए

# 30 लाख क्विंटल गन्ने की होगी क्रेशिंग भाव भी 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

*डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा की चीनी मिल में गत वर्ष 99 लाख यूनिट बिजली का एक्सपोर्ट किया है, जिससे मिल को 7 करोड़ 35 लाख रुपये की आमदनी हुई है।*

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मंगलवार को भाली आनंदपुर स्थित रोहतक सहकारी चीनी मिल के 70वें पेराई सत्र 2025-26 के शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया। स्थानीय स्तर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उपायुक्त सचिन गुप्ता, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने ब्वॉयलर का बटन दबाकर विधिवत रूप से पेराई सत्र का शुभारंभ किया। सभी अतिथिगण ने चीनी मिल की चेन में गन्ना डाला तथा इससे पूर्व अतिथिगण ने हवन में पूर्णाहुति डालकर पेराई सत्र के निर्विघ्न संचालन के लिए मंगल कामना की।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि किसान चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ को त्योहार की तरह मनाते है। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से संवाद के तुरंत बाद किसानों की फसल की लंबित राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि चीनी मिल में गत वर्ष 99 लाख यूनिट बिजली का एक्सपोर्ट किया है, जिससे मिल को 7 करोड़ 35 लाख रुपए की आमदनी हुई है। उन्होंने प्रबंध निदेशक को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से किसानों के साथ संवाद करें तथा उनकी समस्याओं का समाधान करें। अटल किसान मजदूर कैंटीन में किसानों को गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाया जाए।





रोहतक। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यातिथि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, चीनी मिल की चेन में गन्ना डालते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उपायुक्त सचिन गुप्ता, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग।

### चीनी मिल के वास्तविक मालिक किसान: ग्रोवर

कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि चीनी मिल के वास्तविक मालिक किसान है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ावा था। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे मिल को गुणवत्तापरक गन्ना सप्लाई करें ताकि चीनी रिकवरी दर अच्छी रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को गन्ने का देशभर में सर्वाधिक रेट दिया जा रहा है, जबकि कांग्रेस शासित प्रदेश कर्नाटक में किसानों को काफी कम गन्ना का भाव दिया जा रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि किसान मिल के संचालन में महत्वपूर्ण कड़ी है। यह चीनी मिल चीनी बिक्री में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। किसान मिल को अच्छी गुणवत्ता का गन्ना सप्लाई करें। ताकि मिल में मुनाफा बढ़े। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने सभी अतिथिगण का धन्यवाद करते हुए कहा कि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा निरंतर किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गन्ने के भाव में 15 रुपए बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल किया है। चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने बताया कि इस वर्ष मिल में 30 लाख क्विंटल गन्ने की आवक अनुमानित है।

### किसानों को किया सम्मानित

मिल में 2024-25 में सर्वाधिक गन्ना सप्लाई करने वाले पांच किसानों को विशिष्ट अतिथि मनीष ग्रोवर तथा अन्य अतिथिगण ने सम्मानित किया। इन किसानों में निगाना निवासी रामेहर पुत्र गोपीराम ने 16514.45 क्विंटल, उन निवासी रोहताश पुत्र मंशाराम ने 14631.18 क्विंटल, राकेश पुत्र तसवीर ने 12301.92 क्विंटल तथा सरवर पुत्र रामबिलास ने 11396.91 क्विंटल तथा निगाना निवासी ब्रह्मानंद पुत्र गोपीराम ने 10147.08 क्विंटल गन्ना की सप्लाई की। मिल प्रबंधक श्वेता सुहाग ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला तथा कॉपरेटिव बैंक रोहतक के चेयरमैन हरिश कौशिक को शॉल व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



रोहतक। फ्लैग मार्च निकालते पुलिस अधिकारी व रैपिड एक्शन फोर्स की टीम।

## फ्लैग मार्च से शहर में बढ़ा विश्वास व सुरक्षा का माहौल

- आरएएफ व रोहतक पुलिस ने संयुक्त रूप से किया मार्च, महिला सुरक्षा व भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और नागरिकों में सुरक्षा का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से रैपिड एक्शन फोर्स व बटालियन ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च गृह मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत कमाण्डेण्ट 194 बटालियन किशोर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, सह-कमांडेंट श्री एम.एल. मीणा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च में थाना शहर रोहतक के प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार तथा पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील के साथ जिला पुलिस की टीमें भी शामिल रहीं। फ्लैग मार्च की शुरुआत शहर के मुख्य क्षेत्रों से हुई, जिसमें मैन बाजार, नगरपालिका रोड, पुराना बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, महाराजा अग्रसेन रोड तथा आसपास के संवेदनशील स्थान शामिल रहे। इस दौरान पुलिस व आरएएफ जवानों द्वारा लोगों से संवाद कर क्षेत्र की स्थिति, समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की जानकारी भी एकत्रित की गई।

### महिला सुरक्षा को दी प्राथमिकता

मार्च का मूल उद्देश्य क्षेत्र के निवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना, वर्दी के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ाना और शहर में अमन-चैन की भावना को मजबूत करना रहा। विशेष रूप से महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया और महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या पर बेझिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। सहायक कमांडेंट एम.एल. मीणा ने बताया कि फ्लैग मार्च सिर्फ एक सुरक्षा कार्रवाई नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का अभियान भी है। इसके तहत टीम ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद किया एवं क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सफाई अभियान चलाने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। फ्लैग मार्च के दौरान युवाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से सुरक्षा का माहौल मजबूत होता है तथा सामाजिक सौहार्द को बल मिलता है।

## प्रो. गुलाब ने संभाला पत्रकारिता विभागाध्यक्ष का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आज अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर डॉ. गुलाब सिंह ने विभागाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग पहुंचने पर प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी और डॉ. नवीन कुमार ने प्रो. गुलाब सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों, आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं से भी उन्हें अवगत कराया।

पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो. गुलाब सिंह ने विभाग के टीवी और रेडियो स्टूडियो का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार ने तकनीकी उपकरणों, कंट्रोल रूम, प्रॉडक्शन लैब और छात्रों से जुड़ी प्रायोगिक गतिविधियों की जानकारी विस्तार से साझा की। प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने भी विभाग में हाल ही में आयोजित शैक्षणिक व मीडिया गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। प्रो. गुलाब सिंह ने विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, मीडिया प्रशिक्षण की मजबूती और अनुसंधान उन्नयन पर संकाय सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि विभाग को आधुनिक मीडिया मानकों के अनुरूप विकसित करने और विद्यार्थियों को अधिक सुदृढ़ व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



रोहतक। प्रो. गुलाब सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते प्राध्यापक सुनित मुखर्जी और डॉ. नवीन कुमार।

### पुलिस ने दो युवकों को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 12 बोतल, 36 अध्धे और 16 पव्वे देसी शराब जब्त की है। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग अभियोग दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना शहर रोहतक के प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही कर्मबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाल्मिकी चौक के पास दबिश दी।

## नई अनाज मंडी में पुलिस चौकी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नई अनाज मंडी में में सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए पुलिस चौकी का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। यह चौकी रोहतक के बेरी रोड परिसर में स्थापित की गई है। उद्घाटन समारोह में एएसपी वाईवीआर शशि शेखर, शिवाजी कालोनी थाना प्रभारी राकेश और अन्य पुलिस अधिकारी एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे। नई चौकी में पुलिस कर्मचारियों के रहने, कार्यालय संचालन और आमजन के बैठने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह चौकी इलाके में अपराध नियंत्रण और नागरिक सहायता का मुख्य केंद्र बनेगी। वहीं, निकेश कुमार को चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।



रोहतक। पुलिस चौकी का उद्घाटन करते एएसपी वाईवीआर शशि शेखर।

### पुलिस और जनता का सहयोग आवश्यक

*एएसपी वाईवीआर शशि शेखर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, चोरी या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि नई चौकी का उद्देश्य न केवल अपराध पर नियंत्रण रखना है, बल्कि आम जनता के लिए मदद और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश ने बताया कि चौकी का कार्य मुख्य रूप से अपराध रोकथाम, आपातकालीन सहायता, शिकायत निवारण और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखना होगा।*

### कवर किए जाने वाले क्षेत्र

- नई अनाज मंडी
- सब्जी मंडी
- श्री राम नगर कॉलोनी
- शेर विहार
- पालिका कॉलोनी
- शिव नगर
- छोटा कुताना

### एमडीयू के सुरेश कौशिक महासंघ के उपाध्यक्ष बने

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक को उदयपुर राजस्थान मे चल रहे अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ अधिवेशन में महासंघ का उपाध्यक्ष चुना गया है। प्रधान सुरेश कौशिक 'नई शिक्षा नीति मे जनप्रतिनिधियों की सहभागिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने उदयपुर गए हुए हैं। कौशिक ने भी अपने विचार रखे। कार्यकम मे मुख्य अतिथि के तौर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष प्रो.वासुदेव देवनानी ने शिरकत की। उपाध्यक्ष बनाए जाने के को लेकर प्रधान सुरेश कौशिक ने सभी का धन्यवाद किया। साथ ही भविष्य मे विश्वविद्यालय स्तर की मांगों एवं समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का आश्वासन दिया।प्रधान के साथ ही वर्तमान कोषाध्यक्ष राजेश भी अधिवेशन मे भाग लेने उदयपुर गए हुए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सरकारी कॉलेज जसिया के खिलाड़ियों ने इंटर कॉलेज कुश्ती में चमक बिखेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकारी कॉलेज जसिया के खिलाड़ियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में कॉलेज के दो खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए।

बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सुषांत ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज को प्रथम स्थान दिलाया। वहीं बी.ए. तृतीय वर्ष के मंजीत ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि प्राप्त की।



कॉलेज प्राचार्य और शारीरिक शिक्षा विभाग ने सुषांत और मंजीत को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी। कॉलेज प्रशासन ने भरोसा जताया कि खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह विश्वविद्यालय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करते रहेंगे।

## गुरुकुल परंपरा व भारतीय ज्ञान-संस्कृति पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिव शक्ति साहित्य सदन में गुरुकुल परंपरा और भारतीय ज्ञान-संस्कृति के महत्व पर एक भव्य विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा भारती स्कूल की प्राचार्या ममता भोला ने की।

गोष्ठी में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जींद प्रांत के प्रभारी रामफल, शारदा पब्लिक स्कूल, कैथल के प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी, प्राचार्या ममता भोला, अर्चना कोचर और सुमित ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने गुरुकुल परंपरा, आचार्य पद्धति और भारतीय ज्ञान-संस्कृति के मूल्यों पर अपने विस्तृत और सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए कालवा गुरुकुल के विद्यार्थियों ने भी शिरकत की। उन्होंने बाबा रामदेव के गुरुकुल के शिष्य होने पर गर्व व्यक्त किया




और भारतीय शिक्षा-पद्धति में संस्कार, अनुशासन और गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय प्राचार्या ममता भोला ने कहा कि साहित्य स्वदेशी भावना, राष्ट्रीयता और गुरुकुल परंपरा को सुदृढ़ करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे भारतीय संस्कृति और ज्ञान की परंपराओं को आगे बढ़ाएं। अंत में शिव शक्ति साहित्य सदन की संस्थापक अर्चना कोचर ने अपनी पुस्तक तारे–सितारे की एक प्रति सत्येंद्र त्रिपाठी को उनके विद्यालय के लिए सप्रेम भेंट की। उन्होंने सभी विद्वानों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और इस प्रकार गोष्ठी का समापन हुआ।

### सरकारी सिस्टम से नहीं, प्रकृति की वजह से वायु की गुणवत्ता में कुछ दिन के लिए हुआ

# हवाओं की 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार ने शहर को दी सांसें

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

मंगलवार 9 दिसंबर शाम 8 बजे रोहतक शहर की हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 64 थी, जोकि सांस लेने के लिए पूरी तरह से स्वच्छ तो नहीं कही जा सकती, लेकिन संतोषजनक जरूर है। संतोषजनक सरकारी सिस्टम की वजह से नहीं हुई है। बल्कि प्रकृति की मेहरबानी से ही ये सब हुआ। बीते दो-तीन दिन से रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में 15-17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। हवाओं ने दो महीने से लगातार तनी हुई पॉल्यूशन की चादर को हटा दिया है। लेकिन अब आशंका है कि अगले दो-तीन दिन में वायु की गति फिर से मंथर हो जाएगी। और फिर से प्रदूषण पहले की तरह ही होगा। ध्यान रहे कि 22 सितंबर को मानसून की विदाई के कुछ दिन बाद ही रोहतक का एक्यूआई 3 अक्टूबर को 82 और 9 को 60 था। इसके बाद से लगातार पॉल्यूशन ने लोगों का सांसें लेना दूभर कर दिया था। अगर एक्यूआई 50 तक है तो वह सांस लेने के लिए पूरी तरह से अनूकुल है। 51-100 के बीच है, तो हवा की गुणवत्ता मध्यम या संतोषजनक मानी जाती है। लेकिन संवेदनशील लोगों (जैसे अस्थमा या सांस की बीमारी वाले) के लिए थोड़ी चिंता का कारण बन सकती है। जबकि आम जनता के लिए यह सुरक्षित होती है। ध्यान रहे कि अगर एक्यूआई 101 से 200 तक मध्यम,201 और 300 तक खराब, 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 तक गंभीर श्रेणी में मानी जाती है।

### बार-बार खराब हो रहा सीएएक्यूएमएस



एनवायरोकैटलिस्टस नई दिल्ली के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हवा की दिशा पश्चिम की ओर रही और हवा की गति लगभग 15 किमी प्रति घंटा रही। तेज गति और अनुकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण हरियाणा के शहरों, सहित रोहतक, में वायु गुणवत्ता में हल्का सुधार देखा गया। हालांकि, आने वाले 2–3 दिनों में वायु गुणवत्ता के फिर से 'बहुत खराब' श्रेणी में जाने की आशंका है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन को शहरों और राज्य स्तर पर उत्सर्जन में कमी लाने के लिए प्रभावी और त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है। डॉ. अरूष कुमार ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन(सीएएक्यूएमएस) ने 29 नवंबर से 6दिसंबर तक काम नहीं कर सका। जिससे कई दिनों तक स्टेशन हाइबरनेशन/बंद स्थिति में रहा। इसके कारण शहर प्रशासन और आम लोगों को शुद्ध वायु गुणवत्ता से संबंधित सही और वास्तविक समय का डेटा नहीं मिल पाया। स्टेशन का बार-बार खराब होना एक गंभीर विषय है। जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि लोगों तक विश्वसनीय और निरंतर वायु गुणवत्ता की जानकारी पहुंचाई जा सके।

### ऐसे बीते 2 महीने

अक्टूबर के 31 में से 26 दिन के उपलब्ध डाटा के मुताबिक 4 दिन पीएम 2.5, 300 से अधिक रहा। जबकि 30 अक्टूबर को 426 था। नवंबर में तो पॉल्यूशन ने जीना ही हराम कर दिया था। 30 में 5 दिन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्थापित प्रदूषण मापक सेंटर खराब रहा। बाकि बचे 25 में से 15 दिन से पार और 2 दिन तो एक्यूआई 400 को भी लांघ गया था। एक से 6 दिसंबर तक सेंटर ने फिर से खराब हुआ। 7 को एक्यूआई 151, 8 को 72 और 9 दिसंबर को शाम पांच बजे 74, 6 बजे 72, 7 बजे से 70 और रात आठ बजे 64 था। पॉल्यूशन कम हुआ तो रात काफी साफ दिखाई दे रही थी।